r>

Title: Need to provide railway facilities in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Chhatisgarh.

श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में स्थित डोगरागढ़ विधान सभा जो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है तथा रिजर्व विधान सभा है। यहां प्रति वर्ा नवरात्रि मेला लगता है, लाखों लोग आते हैं। छत्तीसगढ़ का प्रमुख तीर्थ स्थल है यहां पर रेलवे का काफी कार्य है। यहां पहले रेलवे विभाग द्वारा वाशिंग यार्ड बनाया हुआ है । केवल एक से दो करोड़ रुपये खर्च कर यहां सभी वे सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं ताकि यहां से रेल गाड़ियां प्रारम्भ की जा सकें तथा नयी गाडियों का स्टापेज दिया जा सके।